eVidyaloka
To Educate - Anywhere Anytime

अभ्यास पत्रिका क्रमांक : WT_7S_7.2_UBSE		उत्तराखण्डशिक्षणबोर्ड
कक्षा: **7**	विषय : विज्ञान	दिनांक :15/07/2021
पाठ क्रमांक व नाम : पाठ- 7, मौसम, जलवायु तथा जलवायु के अनुरुप जंतुओं द्वारा अनुकूलन		
उपविषय : भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जलवायु की परिस्थिति।		

	खण्ड - 1
प्रश्न1	सही के लिए स एवं गलत के लिए ग चिन्हित कीजिए।
1a	मौसम विज्ञानी प्रतिदिन जलवायु के आँकड़ों को रिकॉर्ड करते हैं।
उत्तर:	स
1b.	उत्तर-पश्चिम की जलवायु में नमी होती है।
उत्तर:	ग
प्रश्न 2	सही उत्तर चुनें।
	a) उत्तर-पूर्वी भारत में अधिकांश महीनों वर्षा होती है। b) राजस्थान में बहुत कम वर्षा होती है। c) मौसम के रिकॉर्ड से हमें एक स्थान के मौसम के पैटर्न को समझने में मदद मिलती है। d) केरल और कश्मीर में एक समान मौसम होता है।
उत्तर:	c) मौसम के रिकॉर्ड से हमें एक स्थान के मौसम के पैटर्न को समझने में मदद मिलती है।
	खण्ड - 2
प्रश्न 3	रिक्त स्थान भरें|
	रेगिस्तानी क्षेत्रों में जलवायु <u>ध्रुवीय क्षेत्र</u> और <u>उष्णकटिबंधीय क्षेत्र</u> होता है।

eVidyaloka
To Educate - Anywhere Anytime

प्रश्न 4	इन स्थानों की जलवायु परिस्थितियों के बारे में लिखे|
	4 a. राजस्थान - ___________________________। 4 b. जम्मू और कश्मीर - ___________________________। 4 c. केरल स्थित तिरुवनंतपुरम - ___________________________।
उत्तर:	4 a. राजस्थान - गर्म और शुष्क। 4 b. जम्मू और कश्मीर - मध्यम गर्म और मध्यम आर्द्र। 4 c. केरल स्थित तिरुवनंतपुरम - गर्म और आर्द्र।
खण्ड- 3	
	प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में दें।
प्रश्न 5	जलवायु किसे कहते हैं?
उत्तर:	किसी स्थान के मौसम की लंबी अवधि, जैसे 25 वर्ष , में एकत्रित आँकड़ों के आधार पर बना मौसम का पैटर्न, उस स्थान की जलवायु कहलाता है।
प्रश्न 6	जलवायु परिस्थितियों के विभिन्न प्रकार क्या हैं?
उत्तर:	जलवायु परिस्थितियों के विभिन्न प्रकार निम्न हैं

	गर्म , आर्द्र , सर्द , शुष्क , मध्यम तापमान , अत्यधिक तापमान
प्रश्न 7	मौसम और जलवायु में से किसमे निरंतर परिवर्तन होता है? विस्तार से बताएँ।
उत्तर:	मौसम और जलवायु में से मौसम निरंतर परिवर्तन होता है। मौसम एक अत्यन्त जटिल परिघटना है। यह क्षण भर में भी परिवर्ततित हो सकता है। कभी - कभी ये हो सकता है कि सुबह के समय धूप निकली हो, लेकिल अचानक ही बादल आ जाएँ और तेज़ वर्षा होने लगे अथवा तेज़ वर्षा अचानक से बंद हो जाए और चटक धूप निकल आए। अर्थात मौसम में निरंतर परिवर्तन होता है|
प्रश्न 8	ऐसा क्यों कहा जाता है कि उत्तर-पूर्व के जलवायु में नमी होती है?
उत्तर:	उत्तर-पूर्व भारत के अधिकांश भाग में वर्षा होती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि उत्तर-पूर्व की जलवायु में नमी होती है|
भाग 4	
	प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें।
प्रश्न 9	जलवायु का विस्तार से वर्णन करें।
उत्तर:	किसी स्थान के मौसम की लंबी अवधि, जैसे 25 वर्ष , में एकत्रित आँकड़ों के आधार पर बना मौसम का पैटर्न, उस स्थान की जलवायु कहलाता है। किसी स्थान का तापमान अधिकांश समय उच्च रहता है, तो हम कहते हैं कि उस स्थान की जलवायु गर्म है। यदि इसके अतिरिक्त उस स्थान में अधिक दिनों में भारी वर्षा भी होती है , तो हम कह सकते हैं कि उस स्थान का जलवायु गर्म और आर्द्र है।
प्रश्न 10	भारत के विभिन्न स्थानों के जलवायु के बारे में विस्तार से चर्चा करें।
उत्तर:	भारत के विभिन्न स्थानों के जलवायु केरल, जम्मू और कश्मीर की तुलना में बहुत गर्म और आर्द्र हैं, जिसमें वर्ष के कुछ भाग में मध्यम गर्म और मध्यम आर्द्र जलवायु होती है। इसी प्रकार भारत के पश्चिमी क्षेत्रों जैसे राजस्थान के लिए वर्ष के अधिकांश समय औसत तापमान को उच्च दिखाते है। लेकिन

	सर्दियों में जो सिर्फ कुछ माह के लिए होती है, तापमान काफ़ी कम होता है। इस क्षेत्र में बहुत कम वर्षा होती है। ये किसी मरुस्थली जलवायु के लक्षण हैं।